प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में आज जैसलमेर में वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की बैठक हो रही है। दो सत्रों में हो रही इस बैठक में कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में बदलाव पर मोहर लग सकती है वहीं, कुछ लग्जरी उत्पादों पर दरों में बढोतरी की संभावना है। बैठक में जीएसटी को लेकर आ रही समस्याओं के निस्तारण के साथ ही ऑनलाईन सर्विस को बेहतर बनाने पर भी चर्चा हो रही है। बैठक में सभी राज्यों के वित्त मंत्री हिस्सा ले रहे है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी बैठक में शामिल है। बैठक से पहले पत्रकारों से बातचीत में श्री खींवसर ने कहा कि जयपुर गैस टैंकर हादसे के बाद राज्य सरकार ने तत्परता के साथ सभी व्यवस्थाएं की। उन्होंने कहा कि राजमार्गो पर जल्दी ही 100 एम्बूलेंस तैनात की जायेगी।

.........................

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जयपुर मे कहा कि सड़को पर ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर उन्हें दुरूस्त किया जायेगा।

.........................

गैस टैंकर हादसे में मरने वालों की संख्या बढकर 14 हो गई है। वहीं 30 घायलों का एसएमएस अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है।

.........................

वर्ष 2024 की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत आज आयोजित की जा रही है। जस्टिस पंकज भण्डारी ने जयपुर में हाईकोर्ट भवन में इसका उद्घाटन किया। लोक अदालत में राजीनामे से मुकदमों का निस्तारण किया जायेगा। इसके लिए चार बैंच गठित की गई है।

.........................

वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आज श्रीगंगानगर में **एक साल बेमिसाल** कार्यक्रम रखा गया है। रामलीला मैदान के पास क्रिकेट ग्रांउड में इसका आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचन्द्र बैरवा, गृह मंत्री जवाहर सिंह बेढम, मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई सहित अन्य नेता भाग ले रहे है।

.........................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज उदयपुर में राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के तहत स्थापित नवानिया महाविद्यालय में अतिथि गृह और अन्य निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रकाशन **फुट प्रिन्ट** का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि गांवों में अभी भी पशुपालन और कृषि ही मुख्य आजीविका है। पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के साथ ही पशुधन संरक्षण के लिए शिक्षा का प्रसार सभी स्तरों पर होना चाहिए। राज्यपाल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हिस्सा ले रहे है।

.........................

आज पहला **विश्व ध्यान दिवस** है। दुनिया में शांति और कल्याण की भावना को बढावा देने की ये एक पहल है। इस महीने के शुरूआत में ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मिति से 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को स्वीकार किया था। इस अवसर पर

ब्रह्माकुमारी संस्थान के 140 देशों के 6 हजार से अधिक केन्द्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

.........................

राज्य में आज कई स्थानों पर घना कोहरा और कहीं–कहीं अति घना कोहरा दर्ज किया गया। हालांकि न्यूनतम तापमान में बढोतरी और बादल छाये रहने से सर्दी का असर थोड़ा कम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में आज 4 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं माउंटआबू और हनुमानगढ़ के संगरिया में 4 दशमलव 4, सीकर में 5 और पिलानी में 5 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। बारां, भरतपुर, भीलवाडा, बालोतरा और हनुमानगढ़ सहित कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। चूरू में घने कोहरे के कारण यातायात प्रभावित है।

.........................